


# गुरु नानक कॉलेज, धनबाद

## ' ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'

## 21/06/2025

आज दिनांक 21/06/2025 को गुरू नानक कॉलेज , धनबाद एवं एन एस एस इकाई एक एवं दो के द्वारा कॉलेज के एस.जे.एस ग्रेवाल सभागार में प्रातः 8:30 बजे "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" के उपलक्ष्य में 'योग जागरुकता सह अभ्यास कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सुश्री अंजलि कुमारी और श्री प्रकाश कुमार महतो (योगा प्रशिक्षक) ने योग शिक्षा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर योगाचार्य सुश्री अंजलि की निगरानी में ध्यान, योग एवं प्राणायाम का विधिवत अभ्यास शिक्षक , शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्रों ने प्राप्त किया। इसी तहत धनुरासन, मंडूकासन,

भुजंगासन, पवनमुक्तासन आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई तथा जीवन में होने वाले स्वास्थ्य लाभ पर भी प्रकाश डाला गया ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ रंजना दास ने सभी का स्वागत किया और ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 'योगी काया निरोगी काया' जैसे विचार को स्थापित किया। योग को वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय उत्सव स्वीकार किया गया है जिससे व्यक्ति मन, मस्तिष्क एवं शरीर से आजीवन स्वस्थ रह सकता है । प्राचार्य ने विशेष जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने भी योग के महत्व को स्वीकार करते हुए इसे अनिवार्य विषय के रूप में स्विकृति दी है। उन्होंने योग को नियमित जीवन में उतारने की सलाह दी। एनएसएस इकाई एक के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो दलजीत सिंह ने कहा कि योग आत्मा को परमात्मा से मिलाने का एक साधन है। सभी ने योग के महत्व को समझते हुए एक सुर में कहा “पहले योग, फिर भोग, कभी न होगा रोग।“

कार्यक्रम में भूदा कैंपस के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो दीपक कुमार , प्रो संजय सिन्हा, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संतोष कुमार, डॉ वर्षा सिंह, प्रो सोनू प्रसाद यादव, प्रो अभिषेक, प्रो पियूष अग्रवाल, प्रो नीता ओझा, प्रो स्नेहल गोस्वामी, प्रो पुष्पा तिवारी, प्रो उदय सिन्हा, प्रो ममता, प्रो कौशिक, श्री अर्नव सरखेल, सुश्री सरिता मद्धेशिया, सुशश्री सिमरन छाबड़ा, सुश्री नमिता, सुश्री राशि, सुश्री सुरभि कश्यप, श्री रणजीत मिश्रा, सुश्री नुसरत परवीन, श्री पंकज कुमार तथा अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन एन. एस. एस. प्रोग्राम ऑफिसर १ प्रो. दलजीत सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 50 से ज्यादा छात्र-छात्राएं, एनएसएस वॉलिंटियर्स, शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने योगाभ्यास किया।


गुरु नानक कॉलेज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई १ एवं २ के द्वारा आयोजित
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
Theme "YOGA FOR ONE EARTH, ONE HEALTH"
21 जून 2025
समय : सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक
स्थान : एस जे एस ग्रेवाल ऑडिटोरियम, भूदा कैंपस, धनबाद







गुरू नानक कॉलेज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना
इकाई १ एवं २ के द्वारा आयोजित
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
Theme "YOGA FOR ONE EARTH, ONE HEALTH"
21 जून 2025
समय : सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक
स्थान : एस जे एस ग्रेवाल ऑडिटोरियम, भूदा कैंपस, धनबाद
SPORTS








अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand
828124, India
Lat 23.782677° Long 86.448669°
21/06/2025 08:44 AM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Dhanbad, Jharkhand, India
Shitala Colony Rd, Bhuda Colony, Dhanbad, Jharkhand
828124, India
Lat 23.782718° Long 86.448704°
21/06/2025 08:42 AM GMT +05:30




# NEWS CLIPINGS



## जीएन कॉलेज के शिक्षकों व छात्रों ने किया योग

धनबाद। गुरुनानक कॉलेज, एनएसएस इकाई एक व दो की ओर से योग जागरुकता सह अभ्यास कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक अंजलि कुमारी, प्रकाश कुमार महतो के नेतृत्व में सभी ने ध्यान, योग एवं प्राणायाम किया। प्राचार्य डॉ रंजना दास ने कहा कि योग को वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय उत्सव स्वीकार किया गया है, जिससे व्यक्ति मन, मस्तिष्क एवं शरीर से आजीवन स्वस्थ रह सकता है। मौके पर प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. दलजीत सिंह, भूदा कैंपस प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. दीपक कुमार, प्रो. संजय सिन्हा, डॉ मीना मालखंडी, प्रो. संतोष कुमार, डॉ वर्षा सिंह, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. अभिषेक, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. नीता ओझा, प्रो. स्नेहल गोस्वामी समेत अन्य सक्रिय रहे।

विश्व योग दिवस पर गुरुनानक कॉलेज में योग करते हुए प्राचार्य समेत अन्य।

**गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में बच्चों ने किया योग:** गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल में शनिवार को योग दिवस मनाया गया। योग शिक्षिका यशवी जगानी ने सामूहिक रूप से बच्चों को योग की विद्या सिखायी। प्राचार्य सुदीप कुमार ठाकुर ने कहा कि आज दुनियाभर में योग लोगों की पहली प्राथमिकता बन चुकी है। देश समेत दुनियाभर में आज योग दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय सभी शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

**पंतजलि ने सरकारी व निजी संस्थाओं में कराया योगाभ्यास:** विश्व योग दिवस पर जिले में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में पतंजलि योग समिति धनबाद व भारत स्वाभिमान न्यास धनबाद की ओर से जिलेभर में योग दिवस मनाया गया। बताया गया कि जिले के सभी योग शिक्षकों ने सभी दसों प्रखंडों पर सरकारी कार्यालय, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, इनकम टैक्स, सीबीआई कार्यालय, बीसीसीएल के सभी क्षेत्रों में एवं डिगावाडीह सिंफर कैंपस में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास करवाया।

HINDUSTAN

DATED :- 22-06-2025



## जीएन कॉलेज

गुरुनानक कॉलेज धनबाद में एनएसएस इकाई एक एवं दो द्वारा योग जागरूकता सह अभ्यास कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अंजलि कुमारी और प्रकाश कुमार महतो ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला. प्राचार्या डॉ रंजना दास के साथ कॉलेज के सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों ने एक साथ योग किया.

PRABHAT KHABAR

DATED :- 23-06-2025